भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 745

गुरूवार, 5 फरवरी, 2026/16 माघ, 1947 (शक)

बेरोजगारी दर

745. श्री जावेद अली खान:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, दिसंबर 2025 के दौरान भारत में बेरोजगारी दर केवल 4.8 प्रतिशत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में शहरी और ग्रामीण बेरोजगारी दर का राज्य-वार और स्त्री-पुरुष वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन सर्वेक्षणों में बेरोजगारी मापने के लिए अपनाई गई पद्धति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा एकत्र किया जाता है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2017-18 में 6.0% से घटकर वर्ष 2023-24 में 3.2% हो गई है। इसके अलावा, इसी अवधि के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यूआर क्रमशः 5.3% से घटकर 2.5% तथा 7.7% से घटकर 5.1% हो गई है। पीएलएफएस रिपोर्ट में विस्तृत कार्यप्रणाली, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार और लिंग-वार जानकारी उपलब्ध है, जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mospi.gov.in/publications-reports पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जनवरी 2025 से पीएलएफएस को नया रूप दिया है। मासिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) पर बेरोजगारी दर (यूआर) में 4.8% थी।

*****